## एक नजर में

### प्रदेश स्तरीय केसरी दंगल मोती बाग चौक धार में कल होगा



**धार।** श्री बजरंग दल झिरनिया व्यायाम शाला एवं स्व. मधु रावल (भोलेनाथ) की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश स्तरीय केसरी दंगल का आयोजन 29 अक्टूबर 2025 को मोतीबाग चौक धार में होने जा रहा है । स्पर्धा मे प्रथम विजेता 21000 एवं ग्रूज , उप विजेता 11000 ग्रूज एवं प्रशस्ति पत्र दिया जावेगा । आयोजक पंडित देवेंद्र रावल ने बताया कि प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होने वाले प्रदेश स्तरीय केसरी दंगल के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता श्री विक्रम वर्मा,केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर,विधायक धार श्रीमती नीना वर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष नीलेश भारती विशेष अतिथि अशोक जैन, अनिल जैन बाबा, विजय सिंह नन्हें ठाकुर, भोला तिवारी,बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे। आयोजक देवेंद्र रावल ने समस्त कुश्ती प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। इस मौके पर अध्यक्ष मोहन पटेल, उपाध्यक्ष कन्हैया पहलवान , सचिव छगन परमार, वरिष्ठ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी,संरक्षक बाबूलाल गेहलोद, नंदराम पहलवान ,रामेश्वर चौहान, एवं समिति के सोनू गेहलोद, बसंत बाबा, संजय पिपलोदिया, भारत परमार गोल्डी चौहान, जितेंद्र नागर, श्याम पटेल , ललित अजमेरिया मोंटी यादव, किशन पहलवान, शुभम देवड़ा, एवं समस्त पहलवान उपस्थित थे।

### पक्की सड़क के साथ ड्रेनेज लाइन निर्माण का भूमिपूजन



**बदनावर।** नगर के वार्ड क्रमांक दो में स्थित चाणक्यपुरी में लंबे समय बाद सड़क निर्माण एवं ड्रेनेज लाइन का कार्य शुरू होने से रहवासियों को सुविधा मिलेगी। नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर् यादव ने रविवार को सडक निर्माण कार्य का भुमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री अधोसंरचना के चौथे चरण के अंतर्गत करीब 9 लाख 50 हजार एवं नगर निकाय निधि 7.50 लाख लॉगत से यह स?क एवं ड्रेनेज चाणक्यपुरी में बनेगी। सीमेंट कांक्रीट स?क बनने से रहवासियों को सालो से फैले कीचड़ से मुक्ति मिलेगी व आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, वार्ड पार्षद जितेंद्र शर्मा, अनीता चौहान, संतोष चौहान, सुखराम देवदा, दीपक जादव, विवेक पाटीदार, सुरेश ठाकुर व निकाय के इंजीनियर सारंग पौराणिक समेत वार्डवासी उपस्थित थे।


### किसानों की दद से बनी भाजपा सरकार पर किसानों की धरातल पर हालत खराब




**बदनावर .** किसानों के बहुत अधिक संख्यात्मक बहुमत की मदद से बनी भाजपा सरकार पर किसानों की धरातल पर हालत खराब। प्रत्येक दिन किसान कोई ना कोई कर्ज मे लिप्त होकर आत्महत्या कर रहा है। एक सर्वे के आधार प्रतेक किसान कर्ज मे डूबा है कई किसान के पास स्वास्थ्य बीमा एक वित्तीय सुरक्षा कवच तक नहीं है पर सरकार को कोई मतलब नही है जिस प्रकार किसानों के खाते से फसल बीमा के पैसे काट कर बीमा कंपनी को अरबो रूपये का फायदा करती है पर किसानों को उनका मुआवजा तो दूर लागत के भी पैसे कम्पनी नहीं देती है उसका भी किसानों को कोई लाभ नहीं है। किसानो ने हाल ही मे कुछ दिनों पूर्व बदनावर तहसील में ट्रेक्टर रैली निकल कर अपना शांति पूर्ण दु :ख जाहीर किया था। परन्तु उसका भी सरकार को कोई असर नजर नहीं आरहा है किसान पहले ही खण्ड वर्षा के परेशान है ऊपर से ये मौसम भी किसानों की फसलों को नुकसान करता है किसानों की एक माँग है। भारत सरकार ने 2025-26 के लिए सोयाबीन का एमएसपी ?5,328 प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन कई जगहों पर बाजार मूल्य इससे काफी कम है, मंडी में किसानों को अपनी खून पसीने की मेहनत के कम दाम मिलने पर किसी को बोल भी नहीं पता है कर्ज में डूबा किसान जो मूल्य मिल जाता उसमे संतुष्ट होके घर लोट आता है जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने %भावांतर योजना% जैसी पहल की है, जिसमें एमएसपी से कम दाम पर बिकने वाले सोयाबीन के अंतर की भरपाई की जाएगी। इस मुद्दे पर किसानों की मांग है कि सरकार खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाए और खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए परन्तु किसानों में इस योजना को लेकर आक्रोश नजर आरहा है। क्यूंकि सोयाबीन की कीमतें बाजार में एमएसपी ?5,328 प्रति क्विंटल से कम चल रही हैं, जिससे किसानों को प्रति क्विंटल ?1,300 से ?2,500 तक का नुकसान हो रहा है। मजबूर किसान कहा जाके अपना दु :ख जताये उनकी सुनने वाला कौन है कई आंदोलन किये कई रैलिया निकाली गयी पर किसान को उसका कोई फायदा नहीं हुआ वो प्रत्येक दिन कर्ज में डूबता जा रहा ऐसा ही चलता रहा तो कृषि प्रधान कहा जाने वाला देश किसानों का हत्यारा कहा जायेगा भारत को एक कृषि प्रधान देश कहा जाता है क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर करता है और देश की अधिकांश आबादी कृषि से जुड़ी है 60त्न से 70त्न जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है।

### ग्रामीण पत्रकार संघ बदनावर (पंजीकृत) का दिवाली मिलन समारोह संपन्न

**बदनावर .** बदनावर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों के हितार्थ कार्य करने वाले संगठन ग्रामीण पत्रकार संगठन बदनावर पंजीकृत के दिवाली मिलन समारोह एवं संगठन की सामान्य बैठक का आयोजन ग्राम बोराली के मां सरस्वती कॉन्वेंट हाई स्कूल में किया गया। मिलन समारोह में मां सरस्वती एवं मां भारती के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन संघ के अध्यक्ष व अधिमान्य पत्रकार भूपेंद्र सिंह जादौन, सोहनलाल पाटीदार, दीपेंद्र सिंह झाला एवं सदस्यों द्वारा किया गया। दीपावली मिलन समारोह के दौरान संगठन में सम्मिलित हुए दो नए सदस्य स्वदेश सिंह पंवार एवं सुमित जाट का संगठन पदाधिकारीयो द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। पश्चात संगठन संबंधी विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद संपन्न हुआ। संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने मिलन समारोह के दौरान पत्रकारों के हित हेतु विस्तार से विभिन्न विषयों पर चर्चा की साथ ही संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य को लेकर भी संवाद किया।







# साहित्यकार श्रीकांत की दो पुस्तकों का विमोचन

**समाज के प्रति हमारे उत्तरदायित्वों का बोध कराती है कविता - डॉ . स्वाति तिवारी**

**धार .** कविता किसी संवेदनशील व्यक्ति की भावों की पद्यात्मक अभिव्यक्ति है । यह स्वत ् निसृत होती है और प्रयत्न पूर्वक कागज पर उतारी जाती है । कविता हमारी संवेदनाओं को जगाए रखने में सहायक होती है । साथ ही यह हमें अपने मनुष्य होने का अहसास भी कराती है । इसके अलावा समाज के प्रति हमारे उत्तरदायित्वों का बोध भी कराती है । ये उद्गार साहित्यकार डॉ . श्रीकांत द्विवेदी की दो पुस्तकें क्षितिज के उस पार कविता संग्रह तथा उगा चंदा, तेरा यही धंधा व्यंग्य संग्रह के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कथा लेखिका डॉ . स्वाति तिवारी ने व्यक्त किए । आगे बोलते हुए डॉ . स्वाति ने बताया कि डॉ . श्रीकांत की विचारात्मक कविताएं मुझे अधिक सशक्त एवं चिंतन से भरी हुई जान पड़ती । कवि का चिंतन व्यक्तिगत न होकर समूचे समाज के लिए है ।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी ने कहा कि व्यंग्य मजाक नहीं बल्कि एक गंभीर विधा है । व्यंग्य को समझना हो तो खुद को समझना पड़ता है । खुद को समझना यानी अपनी को जगाना । तभी सत्य की तलाश होती है । आत्मा की आवाज से लिखे लेखन में परमात्मा की आवाज होती है । समारोह के विशेष अतिथि प्रेस क्लब , इंदौर के महासचिव प्रदीप जोशी ने कहा कि मीडिया के लिए खबरें लिखना एक अलग बात है , जबकि साहित्यिक लेखन एक तरह की शब्द साधना होती है । विशेष अतिथि धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पं . छोटू शास्त्री ने बताया कि किसी भी लेखक का व्यक्तित्व उसके लेखन में झलकता है । इसलिए आज के दौर में सार्थक लेखन बहुत जरूरी है ।समारोह को मप्र लेखक संघ के अध्यक्ष श्रीवल्लभ विजयवर्गीय , भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ . दीपेन्द्र शर्मा , अभा साहित्य परिषद , धार के अध्यक्ष शरद जोशी , पत्र लेखक संघ के प्रांताध्यक्ष दिनेश तिवारी उपवन तथा साहित्य वाटिका की अध्यक्ष डॉ. रागिनी स्वर्णकार ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर पं . दीनानाथ व्यास स्मृति प्रतिष्ठा समिति की अध्यक्ष डॉ . रूचि बांगडदेव , हैदराबाद , मप्र जन सम्पर्क विभाग के पूर्व संचालक एवं मीडिया वाला के प्रधान संपादक सुरेश तिवारी , ललित त्रिवेदी ,, कृष्ण कुमार ठक्कर , डॉ . पीएफ जाधव , डॉ . संजय निगम , डॉ . राघवेन्द्र तिवारी , प्रोफेसर सुनील पाठक, कवि संदीप शर्मा , कवि डॉ . लोकेश जड़िया तथा अनेक साहित्यकार , पत्र लेखक , पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

आयोजन की शुरुआत डॉ . मुक्ता त्रिवेदी की सरस्वती वंदना तथा ईवान रावल के स्वागत गीत के साथ हुई । स्वागत भाषण लक्ष्य द्विवेदी ने दिया ।आयोजन के सूत्रधार द्विवेदी परिवार की ओर से अतिथियों का माला , शाल तथा प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन अंकित त्रिवेदी ने तथा आभार अक्षत द्विवेदी ने किया । यह जानकारी कपिल द्विवेदी द्वारा दी गई ।





## आशा उषा कार्यकर्ताओं ने मांगों व भुगतान को लेकर दिया ज्ञापन

**धार .** निप्र धार मध्य प्रदेश आशा कार्यकर्ता उषा आशा पर्यवेक्षक संघ ने अपनी समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रियंक मिश्रा कलेक्टर महोदय को दिया इसमें बताया धार जिले की समस्त आशा कार्यकर्ता उषा आशा पर्यवेक्षक अपनी समस्या को लेकर और 3 माह से भुगतान नहीं हुआ और मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया मध्य प्रदेश आशा कार्यकर्ता , उषा, आशा पर्यवेक्षक संघ की धार जिला अध्यक्ष संगीता मारू मोयाखेड़ा ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने 29 जुलाई 2023 को भोपाल के लाल परेड मैदान में आशा कार्यकर्ताओं की महापंचायत रखी थी तब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान ने 1000 रू. प्रति साल बढ़ाने की घोषणा की थी वह राशि आज दिनांक तक नहीं मिल रही है और मध्य प्रदेश आशा कार्यकर्ता उषा आशा पर्यवेक्षक संगठन के इंदौर संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल मारू ने बताया कि कार्यकर्ता को विगत तीन माह से भुगतान नहीं होने के कारण से दीपावली भी फीकी रही और हर त्योहार पर समय पर पैसा नहीं दिया जाता है और लोगों से कर्जा उधार लेकर त्यौहार मनाया जाता है यह पैसा हमारा किस काम का एक मजदूर को भी समय पर मजदूरी मिल जाती है और हम लोगों के तीन-तीन चार-चार माह तक पैसा समय पर नहीं मिलता है और मारु ने बताया की धार जिले की समस्त कार्यकर्ता को अन्य विभाग के आए दिन सभी को नए-नए कार्य दिए जाते हैं आए दिन कार्यकर्ताओं को आला अधिकारियों द्वारा हटाने की धमकियां दी जाती है पर किसी भी अधिकारी द्वारा यह नहीं पूछा जाता है कि आपका पैसा मिल रहा है कि नहीं मिल रहा है बस सिर्फ हटाने की धमकियां देते हैं और काम करो उनका कोई मतलब नहीं पैसा मिल रहा है या नहीं मिल रहा बस काम करो काम करो, आशा उषा आशा पर्यवेक्षक को संविदा कर्मचारी मान्य किया जाए.आशा कार्यकर्ता उषा कार्यकर्ता और आशा पर्यवेक्षक को लैपटॉप दिया जाए, आशा कार्यकर्ताओं को 6000 की जगह 12000 दिया जाए, आशा पर्यवेक्षकों को 15000 की जगह 30000 दिया जावे, सेवा निवृत्ति के समय 10 लख रुपए की राशि दी जाए..



## जनपद पंचायत में अल्पविराम परिचय कार्यशाला

**सरदारपुर ।** मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान एवं जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के तत्वाधान में शासकीय 60 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला जनपद पंचायत सभागृह सरदारपुर में सोमवार को आयोजित हुई

कार्यशाला में आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले मास्टर ट्रेनर संजय गुप्ता एवं मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया के द्वारा विभिन्न टूल्स के माध्यम से तनाव मुक्त रहकर आनंद से रहने की कला सिखाई गई

प्रतिभागियों का परिचय नाम, बचपन का नाम ,अभिरुचि के साथ रखा गया ।

राज्य आनंद संस्थान का परिचय वीडियो दिखाया गया । संचालन मास्टर ट्रेनर संजय गुप्ता द्वारा किया गया ।



## तपस्वी अपने तपोमय जीवन में आराधना करते हुए परमात्मा के निकट पहुंच जाते हैं

**नागदा धार ।** तप आराधना करने वाले तपस्वी अपने तपोमय जीवन में आराधना करते हुए परमात्मा के निकट पहुंच जाते हे क्योंकि तप और त्यागी व्यक्ति की स्वयं तीर्थंकर परमात्मा भी अनुमोदना करते है तभी तो आदि अनादि काल से हर धर्म मजहब में तप को महान बताया गया उक्त उदगार संजय रेखा जैन टी के स जोड़े किए गए तप के अनुमोदनार्थ आयोजित बहुमान समारोह में अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेन्द्र बोकड़ि़या द्वारा व्यक्त किए गए साथ ही आपके द्वारा बताया गया कि व्यक्ति अपनी रसेन्द्रीय पर विजय पाते हुए तप आराधना कर कर्मों की निर्जरा करते हुए अपने मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करते है तभी तो ज्ञानि भगवंत बताते हे कि तप का इतना महत्व है कि तपस्वी के किए गए तप की अनुमोदना जयकार करने से भी हमारे कर्मों की निर्जरा होती हैं ऐसे संजय एवं रेखा जैन टी द्वारा जोड़े सहित सिर्फ गर्म जल के आधार पर किए गए 9 उपवास की अनुमोदना करते हुए हम अपने आप को भी गौरान्वित महसुस करते हे इस अवसर पर स्थानक वासी श्रावक संघ द्वारा तप की बोली के द्वारा बहुमान एवं मालवा महासंघ द्वारा शाल श्री फल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर महासंघ के राजेन्द्र बोकड़ि़या सहित संघ के सुनील चौधरी पंकज बरडिया प्रकाश पगारिया अभिषेक मोदी राजेन्द्र बरडिया द्वारा बहुमान किया गया साथ ही तप अनुमोदनार्थ दोपहर में स्थानक भवन पर महिला चौबीसी का आयोजन रख स्तवन की प्रस्तुतिया दी गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला मंडल एवं बालिका मंडल की उपस्थिति रही.

## नरवाली में पहली बार पथ संचलन निकला, सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया

**सामाजिक समरसता स्वदेशी सहित शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन पर जागरूक कर रहा संघ**

**मुख्य वक्ता गणेश धाकड़ ने युवाओं को जागरूक किया**

**टांडा( धार )-** सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नरवाली उपखंड का पथ संचलन निकला। नरवाली उपखंड में संघ के सौ वर्षों के इतिहास में पहली बार पथ संचलन निकाला गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक कदम ताल मिलाते हुए राष्ट्र भक्ति के गीत गाते हुए पुन: स्कूल ग्राउंड



पहुचे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संघ के धार विभाग के शारिरिक शिक्षण प्रमुख गणेश धाकड़ थे। मंचासीन अतिथि मंडल प्रमुख रमेश डावर थे। मुख्य वक्ता श्री धाक? ने कहा की संघ ने अपने 100 वर्ष पूरे कर लिए है। इस शताब्दी वर्ष में संघ समाज में पंच परिवर्तन के लिए काम करेगा। समाज की संघ से कई अपेक्षा है। आज भारत का मान विश्व में बड़ा है। जेसा हम सोच रहे हैं वेसा हम इन्हीं आँखों से भारत को विश्व गुरु बनते देखेंगे। प्रत्येक स्वयंसेवक अपने कुटुंब के साथ ही समाज में प्रत्येक गतिविधियों जेसे नागरिक अनुशासन,पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन , सामाजिक समरसता,स्वदेशी आदि के कार्य करेगा। इन कार्यो को करने की प्रेरणा हमे हमारी एक घण्टे की नित्य दैनिक शाखा से मिलेगी। पहली बार निकले पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवको में काफी उत्साह था।

## श्रीराधाकृष्ण के गीतों ने बाँधा समां, श्री गौड़ ब्राह्मण समाज का अन्नकूट

**धार।** रविवार को श्री गौड़ ब्राहमन समाज का तृतीय अन्नकूट महोत्सव हुआ। श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुवात हुई ।समिति अध्यक्ष सुधीर त्रिवेदी ने बताया आयोजन अनिल प्लाजा में हुआ। सबसे पहले श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुवात हुई। राजस्थान से आये दल ने राधा कृष्ण के गीतों पर सुन्दर नत्रय् की प्रस्तुति दी। गीतों पर महिलाये भी थिरक उठी। समाज की महिलाओं ने भी आकर्षक गरबों की प्रस्तुति दी। ठाकुर जी की आरती के



साथ भगवान को 56 भोग भी लगाए। त्रिवेदी ने बताया की आयोजन में ,भारतीय सेना फोज दिलीप रावत सा( सेवा निवृत ) वर्तमान में जम्मू कश्मीर में सेवा दे, रहे मनीष सुभाष त्रिवेदी ,महाराज खेड़ी वाले पुलिस विभाग सेवा निवृत, , कैलाश चंद्र व्यास , दिनेश तिवारी , वीणा दुबे , मप्र पुलिस, वर्तमान पदस्थ, नवीन जोशी ,आलेख दुबे , शुशील मंडलोई , पवन व्यास ,समाज सेवी दान दाता का सम्मान, डॉ, के सी शुक्ला सा पूर्व जिला चिकत्सा अधिकारी भारत सरकार द्वारा धार के प्रथम नोटरी अधिवक्ता एंड प्रधुम्मन पाठक का सम्मान किया गया। आयोजन के बाद भंडारा भी हुआ। संचालन रुपाली मांडलिक और आभार ने माना । जानकारी अमित मंडलोई ने दी।

**एक नजर** ▶ **धारसीखेडा में चौपाल लगाकर सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात**

# प्रधानमंत्री लोगों की पीड़ा को सुनते और समझते हैं : पूर्व मंत्री दत्तीगांव

**बदनावर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को संबोधित किया गया। जिसे प्रदेश सरकार के पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र के गांव धारसीखेड़ा में सुना गया। यह इस कार्यक्रम का 127 वां संस्करण था। उनका यह रेडियो कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो न्यूज और मोबाइल एप पर प्रसारित किया गया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जाट, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहनसिंह चौहान, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक प्रेमचंद परमार, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह राठौर, भेंसोला ग्राम पंचायत



सरपंच प्रतिनिधि पुरषोत्तम धाकड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल धाकड़, गंगाराम धनोरा, राजाराम कसानिया, कचरू सलीत्रा, माधवलाल नायमा, प्रवीण चावला आदि भी अतिथि रूप में मंचासीन थे। ग्राम पंचायत सरपंच शक्तिसिंह राठौर, बूथ अध्यक्ष राहुल पटेल व भंवर पटेल आदि ने अतिथियो का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया

इस मौके पर पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने कहा कि हमे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे आकर स्वदेशी उत्पादों को खरीदने व बेचने में जागरूकता लाना है। भेंसोला में विकसीत हो रहा प्रधानमंत्री मेगा मित्र टेक्सटाइल पार्क व तिलगारा में बन रहा औद्योगिक पार्क बदनावर की तकदीर व तस्वीर बदलेगे। हमे रोजगार के लिए अन्य क्षेत्र में नही जाना पडेगा। हमारे क्षेत्र में ही पर्याप्त रोजगार मिलेगा। साथ ही इन उद्योगों से अप्रत्यक्ष रूप से भी पूरे क्षेत्र की जनता को फायदा होगा।

क्षेत्र के विकास व उन्नति में यह पार्क मिल का पत्थर साबित होंगे ।पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत अब रक्षा उपकरणों का आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक बन गया है। देश में सुपर सोनिक मिसाइलें, पनडुब्बियां और कई प्रकार के स्वदेशी हथियार निर्मित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा पीएम मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो हर महीने के अंतिम सप्ताह में सीधे लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से जनता से संवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री लोगों की पीड़ा को सुनते और समझते हैं। हमे %मन की बात% सुनने और उससे प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम को अन्य अतिथियो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता पुरषोत्तम धाकड ने किया। आभार ग्राम पंचायत पूर्व उपसरपंच राजेश नायमा ने माना। कार्यक्रम में ब?ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ताओ समेत गांववासी मौजूद थे। कार्यक्रम पश्चात पूर्व मंत्री की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी उत्पादों को लेकर स्टिकर भी चिपकाए व पत्रक वितरित किए।

### नगर मण्डल के सभी बूथों पर हुए आयोजन

उधर नगर मंडल द्वारा भी सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर् यादव व नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर की उपस्थिति में कार्यकर्ताओ ने बूथ नंबर 62 पर मन की बात सुनी। इस मौके पर सुखराम देवदा, सन्तोष चौहान समेत ब?ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। वही अन्य बूथों पर भी प्रभारियों व बूथ अध्यक्षो की मौजूदगी में कार्यक्रम को सुना गया। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के सभी छह मंडलो में बूथ स्तर पर आयोजन संपन्न हुए।